प्रवेश प्रक्रिया

1. वि०वि० की website : ccsuonline.in पर रजिस्ट्रेशन करना।
2. प्रवेश सूची में नाम आने पर घोषित तिथि पर प्रवेश आवेदन पत्र पूर्ण करके अपने मूल प्रमाण–पत्र दिखाकर प्रवेश सुनिश्चित करना।
3. शुल्क जमा कराने हेतु फार्म तथा संलग्न तीन प्रतियों में बिल चालान प्राप्त करना।
4. बैंक/महाविद्यालय में शुल्क जमा करना तथा फार्म कार्यालय में जमा कराके परिचय प्राप्त करना।
5. परिचय पत्र पर प्राचार्या के हस्ताक्षर कराने के बाद ही प्रवेश वैध माना जाएगा।
6. परिचय पत्र कक्षा में प्रस्तुत करके सम्बन्धित विषय प्रवक्ता के हस्ताक्षर कराना आवश्यक है।

छात्राओं के लिए आवश्यक निर्देश

1. सभी छात्राओं के लिए महाविद्यालय द्वारा निम्न परिधान में आना आवश्यक है।
   ग्रीष्म)तु : सफेद सलवार, सफेद कुर्ता तथा सफेद दुपट्टा
   शरद्)तु : उपरोक्त के अलावा **मेरुन** रंग का स्वेटर अथवा **कोट**
2. छात्रायें महाविद्यालय में परिचय पत्र अवश्य लाएं। 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति न होगी।
3. छात्राओं को कक्षा में नियमित रूप से समय पर आना आवश्यक है।
4. अपनी समस्याओं के लिए संबंधित शिक्षिकाओं से सम्पर्क तथा समस्या से संबंधित आवेदन पर शिक्षिका की टिप्पणी व हस्ताक्षर के उपरान्त ही प्राचार्या कार्यालय से संपर्क करें।
5. प्राचार्या से अनुमति के बिना सूचना पट पर कोई सूचना या विज्ञापन लगाना वख्रजत है।
6. छात्राओं को अपनी साईकिल/स्कूटर स्टैंड पर ताला लगाकर ही रखना चाहिए। **किसी भी प्रकार का नुकसान होने पर वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।**
7. छात्राओं की जानकारी के लिए सभी सूचनाएँ नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होती हैं।
8. छात्रायें महाविद्यालय के कार्यालय में कार्यवश प्रातः 10 से 12 बजे के बीच ही आ सकती हैं। बिना कार्य कार्यालय में भीड़ लगाने से कार्य में व्यवधान उत्पन्ना होता है। अतः सभी सूचनायें सूचना पट पर देखें।
9. इस महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे विनम्र, शिड्ढ एवं आत्म–निर्भर बनें और अपना काम स्वयं करने का आत्मविश्वास अपने में जागृत करें। शिक्षण के समय अभिभावकों, मित्रों, रिश्तेदार सम्बन्धियों से सम्पर्क करने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। विशेष परिस्थिति में आवश्यकता पड़ने पर केवल महिला अभिभावक ही प्राचार्या की अनुमति से महाविद्यालय परिसर में आ सकती हैं।
10. छात्रायें डिग्री पूरी होने के उपरान्त एक वर्ष के अन्दर अपनी पुस्तकालय प्रतिभूति प्राप्त कर लें।
11. छात्रायें TC/CC उत्तीर्ण होने वाले वर्ष में ही प्राप्त कर लें।
12. परिचय पत्र खोने की स्थिति में द्वितीय प्रतिलिपि प्राचार्या/चीफ प्रोक्टर की संस्तुति के उपरान्त रु. 50/– नगद जमा करने पर निर्गत किया जायेगा।